# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
# एवं
# राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ -226007

वेब-साइट: www.basiceducation.up.gov.in, ई-मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 2781128

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

निपुण भारत

प्राइमरी का मास्टर • कॉम

सेवा में,

1— प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

2— जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

**पत्रांक— गुण0वि0/शिक्षक संकुल/ 5710 /2025—26 दिनांक 14 नवम्बर, 2025**

**विषयः** <u>**माह नवम्बर, 2025 में आयोजित की जाने वाली शिक्षक संकुल की बैठक के संबंध में।**</u>

महोदय/महोदया,

आप अवगत हैं कि शासनादेश संख्या—123/68—5—2020 दिनांक 17 मार्च, 2020 एवं शासनादेश संख्या— 566/68—5—2020 दिनांक 23 जून, 2020 द्वारा जनपदों में न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षक संकुल गठन के निर्देश दिये गये हैं। उत्कृष्ट तथा नवाचारी शैक्षिक प्रथाओं को साझा किये जाने, निपुण लक्ष्य की समयबद्ध प्राप्ति हेतु विचार—विमर्श करने एवं आगामी रणनीति विकसित किये जाने के दृष्टिगत अकादमिक बिन्दुओं पर प्रत्येक माह एजेण्डा आधारित शिक्षक संकुल बैठकों के आयोजन के संबंध में सुसंगत निर्देश प्रेषित किये गये हैं। तत्क्रम में **माह नवम्बर, 2025** में शिक्षक संकुल बैठकों का आयोजन निम्नांकित निर्देशों के अनुसार किया जाये :—

1. **दिनांक 18 नवम्बर, 2025 को अपराह्न 2:30 से 4:00 बजे** के मध्य संलग्न एजेण्डा बिन्दुओं के अनुसार शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया जाये। एजेण्डा आधारित शिक्षक संकुल बैठकें प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिये पृथक—पृथक आयोजित की जायेंगी। तत्संबंधी माह नवम्बर, 2025 की शिक्षक संकुल बैठक का **सुझावात्मक एजेण्डा संलग्न है।**
2. बैठक से पूर्व शिक्षक संकुल द्वारा एजेण्डा बिन्दुओं का परस्पर विभाजन कर आवश्यक तैयारी की जाये, जिससे कि सत्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सके।
3. संदर्शिका, प्रिंटरिच सामग्री, किट्स एवं तालिका आदि शैक्षणिक सामग्री का कक्षा—शिक्षण में प्रयोग करने के लिये शिक्षकों को प्रोत्साहित किया जाये।
4. प्राचार्य, डायट, मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), डायट मेण्टर, एस0आर0जी0 एवं ए0आर0पी0 द्वारा **अनिवार्य रूप से** एक शिक्षक संकुल की बैठक में प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाये तथा वर्तमान शैक्षिक सत्र में निपुण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु शिक्षकों को प्रोत्साहित किया जाये।
5. संकुल बैठक सम्पन्न होने के उपरान्त समस्त शिक्षक संकुल द्वारा प्रेरणा ऐप पर दिये गये डी0सी0एफ0 पर बैठक आयोजन सम्बन्धी सूचना अवश्य भरी जाये।

उपर्युक्तानुसार निर्देशित किया जाता है कि अपने जनपद के समस्त शिक्षक संकुल को प्रभावी प्रदर्शन करने एवं **संलग्न एजेण्डा** के अनुसार प्रभावी बैठकें आयोजित किये जाने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करना सुनिश्चित करें तथा अपने स्तर से इसका अनुश्रवण भी करने का कष्ट करें।

संलग्नक–उक्तवत्।

भवदीया,

(मोनिका रानी)
महानिदेशक, स्कूल शिक्षा/
राज्य परियोजना निदेशक

पृ0सं0– गुण0वि0/शिक्षक संकुल/ /2025–26 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
2. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
3. शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0, लखनऊ।
4. निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0, उ0प्र0, लखनऊ।
5. सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद्, प्रयागराज।
6. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
7. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद उत्तर प्रदेश।
8. जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), समस्त जनपद उत्तर प्रदेश।

(मोनिका रानी)
महानिदेशक, स्कूल शिक्षा/
राज्य परियोजना निदेशक

## शिक्षक संकुल बैठक का एजेंडा – नवम्बर 2025 (प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों हेतु)

| सत्र | शीर्षक | विषय-वस्तु | समय | सुगमकर्ता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सीख की विषय-वस्तु | गतिविधि: मेरी कक्षा – मेरा प्रेरणा चित्र (Moments of Awe)<br><br>प्रक्रिया:<br>1. सभी शिक्षकों को एक-एक कागज और रंगीन पेंसिल/मार्कर दिए जाएँ।<br>2. संदर्भदाता उनसे कहें, "आप 5 मिनट में एक चित्र बनाइए जो आपकी कक्षा अथवा विद्यालय या आपकी शैक्षिक यात्रा का सबसे प्रेरक क्षण दर्शाए, जैसे :<br>- मेरे विद्यालय जीवन का सबसे अद्‌भुत पल<br>- मेरी सेवा अवधि का सबसे मूल्यवान क्षण<br>- सीखने का कोई अभिनव प्रयास<br>- विद्यार्थी का कोई गर्व का पल<br>3. 5 मिनट पूर्ण होने पर 2–3 शिक्षक स्वेच्छा से अपना चित्र दिखाएँ और 1 मिनट में उसका सारतत्व (essence) बताएं, जैसे - "जिस छात्र के लिए मेरी धारणा थी कि यह नहीं कर पाएगा, उसने सबसे शानदार प्रदर्शन किया। वह क्षण मेरे जीवन में रूपांतरण का क्षण था।"<br>4. संदर्भदाता अंत में कहें, "हर चित्र हमारी मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रतीक है, इन्हीं प्रयासों से हम "निपुण भारत" को साकार करेंगे।"<br><br>इसी गतिविधि को "मेरा प्रेरक क्षण" sharing के रूप में भी किया जा सकता है। शिक्षक 3-4 सदस्यीय समूह बनाकर 1 मिनट का छोटा अनुभव sharing कर सकते हैं, जो उनके विद्यालय या शिक्षण की वास्तविक एवं सकारात्मक घटना पर आधारित हो। | 10 मिनट | शिक्षक संकुल |
| 2. | हमारे प्रयास (शेयरिंग) | सभी शिक्षक 4-5 के समूह में व्यवस्थित हो जायें और निम्नलिखित बिन्दुओं पर अपने अनुभव लिखकर अपने समूह में चर्चा करें :-<br><br>विगत माह मुख्य चर्चा के विषय के रूप में हमने –<br>• सीखने के चरण (एक्सपोजर- अनुभव करना-अभ्यास-फीडबैक या आत्मनिरीक्षण- संकलन) पर चर्चा की थी। उन चरणों का आयोजन करते हुए आपके अनुभव कैसे रहे – सभी शिक्षक शेयर करें।<br>• प्रत्येक विषय से चिन्हित 3 चुनौतीपूर्ण लर्निंग आउटकम पर क्या विशिष्ट प्रयास किये गए और उसके परिणाम क्या रहे?<br>• साप्ताहिक प्रधानाध्यापक और शिक्षक बैठक के अनुभव और प्रभाव पर शेयरिंग की जाए।<br><br>उद्देश्य: प्रत्येक शिक्षक द्वारा समूह में अपनी बात रखने से प्रत्येक समूह में उस विषय पर विचार मंथन होगा और प्राप्त निष्कर्षों को बड़े समूह के सामने विमर्श हेतु रखा जा सकेगा। यह 'समूह-चर्चा' इस माह की बैठक के मुख्य अवयवों में से एक है।<br><br>नोट: प्रत्येक समूह में 10 मिनट की चर्चा की जाये। इसके बाद समूह के एक सदस्य द्वारा 1 मिनट में प्रमुख निष्कर्ष सभी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा तथा सभी सदस्यों से सुझाव प्राप्त किए जायें।<br><br>इस माह भी बैठक से पूर्व प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता में विद्यालय स्तर पर | 15 मिनट | शिक्षक संकुल द्वारा शेयरिंग – प्रत्येक समूह से एक शिक्षक |

(आनन्द [illegible] पाण्डेय)
वरिष्ठ विशे[illegible] शिक्षा

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | शिक्षकों की बैठक आयोजित कर शेयरिंग के मुख्य बिंदु निर्धारित किए जाएं, ताकि बैठक में साझा प्रस्तुतीकरण और सहभागिता सुनिश्चित हो सके। | | |
| 3. | अकादमिक आवश्यकताओं हेतु नियोजन | सभी शिक्षक कक्षावार 3 समूहों (कक्षा 1 एवं 2 एक साथ, कक्षा 3 एवं 4 एक साथ तथा कक्षा 5 एक समूह) में व्यवस्थित हो जायेंगे। प्रत्येक छोटा 'शिक्षक-समूह' अपनी कक्षा की पाठ्यपुस्तकों को पलटकर देखेंगे। इस प्रक्रिया में समूह:-<br><br>1. 'निपुण भारत' के अंतर्गत भाषा एवं गणित विषय की अद्यतन प्रगति का पुनरावलोकन करेंगें तथा सुनिश्चित करेंगें:<br>• डेटा विश्लेषण: शिक्षकों द्वारा किए गए आकलन के आधार पर यह देखा जाए कि कितने विद्यार्थी प्रत्येक कक्षा में निर्धारित लर्निंग आउटकम्स प्राप्त कर चुके हैं।<br>• उन दक्षताओं की पहचान की जाए, जहाँ अतिरिक्त प्रयास की आवश्यकता है।<br><br>2. इसी भाँति कक्षा 3 से 5 के लिए:-<br>विगत 6 माह में छात्र-छात्राओं के लिए विषयवार कौन सी 3-4 दक्षतायें अधिक चुनौतीपूर्ण रहीं, उन दक्षताओं की पहचान तथा उसके लिए प्रभावी शिक्षण विधियों पर चर्चा की जाए।<br><br>नोट: 'शिक्षक-समूह' अपने विषयवार पाठ्यक्रम में दिए गए *लर्निंग आउटकम्स* का विश्लेषण कर यह साझा करेंगे कि कौन-सी गतिविधियाँ, शिक्षण-सामग्री (TLM) एवं आकलन के तरीके अधिक कारगर रहे। यदि किसी शिक्षक द्वारा कोई विशिष्ट ऑनलाइन या ऑफलाइन शिक्षण संसाधन खोजा गया है, तो समूह के साथ साझा किया जाये। | 10 मिनट | सभी शिक्षक |
| 4. | "निपुण विद्यालय आकलन" – प्रभावी कार्य योजना | संदर्भदाता द्वारा "निपुण भारत मिशन" के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा के पत्र दिनांक 3 नवंबर, 2025 (छाया प्रति संलग्न) का वाचन किया जाएगा। तदुपरांत 'निपुण भारत मिशन' के क्रियान्वयन हेतु निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की जाये:-<br>1. मिशन के उद्देश्य एवं महत्व से अभिभावकों को कैसे प्रभावी ढंग से जागरूक किया जाए?<br>2. नियमित छात्र उपस्थिति, कक्षा-कक्षाओं का रोचक एवं जीवंत वातावरण तथा मिशन में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता कैसे सुनिश्चित की जाए?<br>3. विद्यार्थियों के नियमित आकलन तथा आत्मविश्वास में वृद्धि हेतु NIPUN App का प्रयोग बढ़ाने के लिए क्या प्रभावी कार्ययोजना हो सकती है?<br>4. बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु किस शिक्षक का प्रयास सर्वाधिक सफल रहा है? संकुल के किन विद्यालयों द्वारा अपनाई गई विशेष रणनीतियां (अभिभावक संवाद, आत्मीय संबंध, शिक्षा-चौपाल, होम विजिट्स, वालंटियर सहयोग, ICDS से समन्वय, प्रेरक गतिविधियाँ, आदि) छात्र-उपस्थिति बढ़ाने में सर्वाधिक कारगर रही हैं? इन प्रयासों को अन्य विद्यालयों में किस प्रकार लागू किया जा सकता है?<br>5. आगामी 'निपुण विद्यालय आकलन' में 'निपुण विद्यालय' का लक्ष्य प्राप्त किए जाने हेतु क्या विशेष कार्ययोजना हैं? | 25 मिनट | शिक्षक संकुल |
| 5. | अभिनव शिक्षण एवं स्वच्छ–हरित | विद्यालय स्तर पर अभिनव शिक्षण सामग्री, उपस्थिति प्रोत्साहन एवं स्वच्छ–हरित विद्यालय पर चर्चा। | 10 मिनट | सभी शिक्षक |

(आनन्द कुमार पाण्डेय)
वरिष्ठ [illegible]

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | विद्यालय - साझा सीख सत्र | शिक्षकों द्वारा निम्नलिखित बिंदुओं पर अनुभव आधारित चर्चा की जाये:<br><br>1. रोचक एवं अभिनव शिक्षण सामग्री<br>o शिक्षकों द्वारा कक्षा में उपयोग की जा रही रोचक, स्थानीय संसाधनों पर आधारित तथा नवीन शिक्षण सामग्री के उदाहरण साझा किए जाएं।<br>o यह समीक्षा की जाए कि इन सामग्रियों से विद्यार्थियों की सीखने में रुचि और भागीदारी किस प्रकार बढ़ी है।<br>o इन सुझाये अभिनव प्रयासों को कैसे अन्य विद्यालयों में लागू किया जा सकता है, इस विषय पर सामूहिक सुझाव प्राप्त किए जाएं।<br><br>2. स्वच्छ एवं हरित विद्यालय की पहल<br>o स्वच्छता, हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विद्यालयों द्वारा किए गए विशेष प्रयासों पर चर्चा की जाए।<br>o स्वच्छ–हरित विद्यालय के रूप में उत्कृष्ट कार्य कर रहे विद्यालयों के अनुभव साझा किए जाएं।<br><br>उद्देश्य: सभी विद्यालयों में रोचक एवं अभिनव शिक्षण सामग्री के सक्रिय प्रयोग तथा स्वच्छ–हरित विद्यालय वातावरण के निर्माण से सकारात्मक वातावरण का सृजन एवं अनुकरणीय कार्यप्रणालियों के साझा आदान–प्रदान को बढ़ावा दिया जाना। | | |
| 6. | TLM निर्माण तथा फीडबैक सत्र | 1. TLM ग्रांट का उपयोग किस प्रकार के विषय / दक्षता आधारित TLM बनाने के लिये किया गया है? तत्सम्बन्धी उत्कृष्ट TLM की सूची संकलित की जाए तथा अन्य विद्यालयों एवं विकास खण्डों के साथ साझा की जाए। SRG द्वारा जनपदवार उत्कृष्ट TLM का विवरण संकलित करके राज्य परियोजना कार्यालय को साझा किया जाए।<br><br>2. आगामी शिक्षक-प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी तथा गुणवत्तापूर्ण बनाये जाने हेतु निम्नलिखित बिंदुओं पर शिक्षकों से फीडबैक प्राप्त किए जाएं:<br>i. सम्प्रति शिक्षक-प्रशिक्षण में क्या चुनौतियाँ हैं तथा प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी बनाये जाने के लिए क्या सुझाव हैं?<br>ii. आगामी प्रशिक्षण हेतु किस विषय अथवा विशेष टॉपिक पर प्रशिक्षण (आनलाइन अथवा ऑफलाइन) की आवश्यकता है।<br>iii. प्रशिक्षण से संबंधित किस विषय को जोड़े जाने (ADD), किस विषय को हटाए जाने (DELETE) तथा किस विषय पर अधिक संसाधन उपलब्ध कराये जाने (STREAMLINE) की आवश्यकता है?<br>iv. अन्य युक्तियुक्त सुझाव। | 15 मिनट | शिक्षक – जिन्होंने आज कोई सत्र का नेतृत्व न किया हो |
| 7. | समेकन एवं धन्यवाद | महत्वपूर्ण बिंदुओं की पुनरावृत्ति | 5 मिनट | शिक्षक संकुल द्वारा |

(आनन्द कुमार पाण्डेय)
वरिष्ठ विशेषज्ञ गुणवत्ता शिक्षा

# शिक्षक संकुल बैठक का एजेंडा – नवम्बर 2025 (उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों हेतु)

| सत्र | शीर्षक | विषय-वस्तु | समय | सुगमकर्ता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सीख की विषय-वस्तु | गतिविधि: मेरी कक्षा – मेरा प्रेरणा चित्र (Moments of Awe)<br><br>प्रक्रिया:<br>1. सभी शिक्षकों को एक-एक कागज और रंगीन पेंसिल/मार्कर दिए जाएँ।<br>2. संदर्भदाता उनसे कहें, "आप 5 मिनट में चित्र बनाइए जो आपकी कक्षा या आपकी शैक्षिक यात्रा का सबसे प्रेरक क्षण दर्शाए, जैसे :<br>- मेरे विद्यालय जीवन का सबसे अद्भुत पल<br>- मेरी सेवा अवधि का सबसे मूल्यवान क्षण<br>- सीखने का कोई अभिनव प्रयास<br>- विद्यार्थी का कोई गर्व का पल<br>3. 5 मिनट पूर्ण होने पर 2–3 शिक्षक स्वेच्छा से अपना चित्र दिखाएँ और 1 मिनट में उसका सारतत्व (essence) बताएं, जैसे - "जिस छात्र के लिए मेरी धारणा थी कि यह नहीं कर पाएगा, उसने सबसे शानदार प्रदर्शन किया। वह क्षण मेरे जीवन में रूपांतरण का क्षण था।"<br>4. संदर्भदाता अंत में कहें, "हर चित्र हमारी मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रतीक है, इन्हीं प्रयासों से हम "निपुण भारत" को साकार करेंगे।"<br><br>इसी गतिविधि को "मेरा प्रेरक क्षण" sharing के रूप में भी किया जा सकता है। शिक्षक 3-4 सदस्यीय समूह बनाकर 1 मिनट का छोटा अनुभव sharing कर सकते हैं, जो उनके विद्यालय या शिक्षण की वास्तविक एवं सकारात्मक घटना पर आधारित हो। | 10 मिनट | शिक्षक संकुल |
| 2. | हमारे प्रयास (शेयरिंग) | सभी शिक्षक 4-5 के समूह में व्यवस्थित हो जायें और निम्नलिखित बिन्दुओं पर अपने अनुभव लिखकर अपने समूह में चर्चा करें :–<br><br>विगत माह मुख्य चर्चा के विषय के रूप में हमने –<br><br>• सीखने के चरण (एक्सपोजर- अनुभव करना-अभ्यास-फीडबैक या आत्मनिरीक्षण- संकलन) पर चर्चा की थी। उन चरणों का आयोजन करते हुए आपके अनुभव कैसे रहे – सभी शिक्षक शेयर करें।<br>• प्रत्येक विषय से चिन्हित 3 चुनौतीपूर्ण लर्निंग आउटकम्स पर क्या विशिष्ट प्रयास किये गए और उसके परिणाम क्या रहे?<br>• साप्ताहिक प्रधानाध्यापक और शिक्षक बैठक के अनुभव और प्रभाव पर शेयरिंग की जाए।<br><br>उद्देश्य: प्रत्येक शिक्षक द्वारा समूह में अपनी बात रखने से प्रत्येक समूह में उस विषय पर विचार मंथन होगा और प्राप्त निष्कर्षों को बड़े समूह के सामने विमर्श हेतु रखा जा सकेगा। यह समूह चर्चा इस माह की बैठक के मुख्य अवयवों में से एक है।<br><br>नोट: प्रत्येक समूह में 10 मिनट की चर्चा की जाये। इसके बाद समूह के एक सदस्य द्वारा 1 मिनट में प्रमुख निष्कर्ष सभी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा तथा सभी सदस्यों से सुझाव प्राप्त किए जायें।<br><br>इस माह भी बैठक से पूर्व प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता में विद्यालय स्तर पर शिक्षकों की बैठक आयोजित कर शेयरिंग के मुख्य बिंदु निर्धारित किए जाएं, ताकि बैठक में साझा प्रस्तुतीकरण और सहभागिता सुनिश्चित हो सके। | 10 मिनट | शिक्षक संकुल द्वारा शेयरिंग – प्रत्येक समूह से एक शिक्षक |

(आनन्द [illegible] पाण्डेय)
वरिष्ठ [illegible] शिक्षा

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. | अकादमिक आवश्यकताओं हेतु नियोजन | सभी शिक्षक कक्षावार 3 समूहों (कक्षा 6, कक्षा 7 एवं 8) में व्यवस्थित हो जायेंगे। प्रत्येक छोटा शिक्षक समूह अपनी कक्षा की पाठ्यपुस्तकों को पलटकर देखेंगे। इस प्रक्रिया में समूह:-<br><br>1. अद्यतन प्रगति का पुनरावलोकन करेंगें तथा सुनिश्चित करेंगें:-<br>• डेटा विश्लेषण: शिक्षकों द्वारा किए गए आकलन के आधार पर यह देखा जाए कि कितने विद्यार्थी प्रत्येक कक्षा में निर्धारित लर्निंग आउटकम्स प्राप्त कर चुके हैं।<br>• उन दक्षताओं / विद्यार्थियों की पहचान की जाए, जहाँ अतिरिक्त प्रयास की आवश्यकता है।<br><br>2. विगत 6 माह में छात्र-छात्राओं के लिए विषयवार कौन सी 3-4 दक्षतायें अधिक चुनौतीपूर्ण रहीं, उन दक्षताओं की पहचान तथा उसके लिए प्रभावी शिक्षण विधियों पर चर्चा की जाए।<br><br>नोट: शिक्षक समूह अपने विषयवार पाठ्यक्रम में दिए गए *लर्निंग आउटकम्स* का विश्लेषण कर यह साझा करेंगे कि कौन-सी गतिविधियाँ, शिक्षण-सामग्री (TLM), एवं आकलन के तरीके अधिक कारगर रहे। यदि किसी शिक्षक द्वारा कोई विशिष्ट ऑनलाइन या ऑफलाइन शिक्षण संसाधन खोजा गया है, तो साझा किया जाये। | 15 मिनट | सभी शिक्षक |
| 4. | Smart Class, ICT Lab एवं STEM Kits - अनुभव | • विद्यालयों में स्थापित Smart Class एवं ICT Lab के प्रभावी उपयोग पर चर्चा एवं अनुभव साझा करना।<br>• IIT Gandhinagar से प्राप्त Kits के प्रयोग से प्राप्त शिक्षण-अधिगम अनुभवों एवं अभिनव शिक्षण गतिविधियों को साझा करना।<br>• तकनीकी संसाधनों के सतत् सक्रिय उपयोग हेतु शिक्षकों में आत्मविश्वास, एवं टीम-भावना को सुदृढ़ करना।<br><br>नोट: प्रस्तावित सत्र के तहत विद्यालयवार प्रस्तुति की रूपरेखा पूर्व में शिक्षकों को साझा की जाए, ताकि वे अपने विद्यालय के उदाहरण, फोटो या वीडियो के साथ प्रस्तुति हेतु तैयार रह सकें।<br><br>गतिविधि 1: विद्यालय प्रस्तुति सत्र<br>(3-4 विद्यालयों के प्रतिनिधि शिक्षक/प्रधानाध्यापक द्वारा प्रस्तुति; अंत में सामूहिक चर्चा)<br><br>प्रस्तुति के प्रमुख बिंदु उदाहरण / demonstration के साथ प्रस्तुत करें।<br>1. विद्यालय में Smart Class, ICT Lab & Kits का वर्तमान में सक्रिय उपयोग किस प्रकार से किया जा रहा है।<br>2. किसी एक विषय या अवधारणा (विज्ञान, गणित, पर्यावरण अध्ययन आदि) में विशिष्ट उपयोग कैसे किया जा रहा है।<br>3. विद्यार्थियों की सहभागिता एवं अधिगम स्तर में आए सकारात्मक परिवर्तन, प्रगति क्या और कैसी रही।<br>4. शिक्षक/प्रधानाध्यापक द्वारा ICT संसाधनों के उपयोग के दौरान आई चुनौतियाँ, उनके समाधान तथा भविष्य में इनके अधिक प्रभावी उपयोग हेतु सुझाव या कार्ययोजना।<br><br>नोट: प्रत्येक प्रस्तुति के दौरान यदि संभव हो तो PPT, संक्षिप्त वीडियो या चित्रों का उपयोग किया जा सकता है।<br><br>गतिविधि 2: समूह चर्चा एवं अभिनव अनुभव साझा मंच<br><br>शिक्षक (4–5 सदस्य) छोटे समूहों में विभाजित हो जायें। प्रत्येक समूह निम्नलिखित बिंदुओं पर संक्षिप्त चर्चा करें:- | 25 मिनट | शिक्षक संकुल |

(आनन्द कुमार पाण्डेय)
वरिष्ठ [illegible] गुणवत्ता शिक्षा

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 1. Smart Class, ICT उपकरणों का अधिकतम उपयोग कैसे किया जा सकता हैं?<br>2. Smart Class, ICT Lab & Kits के प्रभावी उपयोग हेतु विशेष प्रशिक्षण (किस प्रकार, किन विषयों एवं कितने अवधि) की आवश्यकता है? ((जैसे, उपकरणों के संचालन, डिजिटल सामग्री के उपयोग, तकनीकी रख-रखाव अथवा शिक्षण में समेकन से संबंधित)<br><br>प्रत्येक समूह 1–2 *सामूहिक निष्कर्ष* अथवा *Best Practices* प्रस्तुत करेंगें।<br><br>सत्र समापन<br>• संकुल समन्वयक द्वारा सत्र के प्रमुख अनुभवों, सुझावों का सारांश प्रस्तुत किया जाएगा।<br>• अगले माह तक किए जाने वाले कार्य / प्रयासों की रूपरेखा (Action Points) साझा किया जाएगा।<br>• सभी शिक्षकों / विद्यालयों के अभिनव प्रयासों की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया जाएगा। | | |
| 5. | अभिनव शिक्षण एवं स्वच्छ–हरित विद्यालय - साझा सीख सत्र | विद्यालय स्तर पर अभिनव शिक्षण सामग्री, उपस्थिति प्रोत्साहन एवं स्वच्छ–हरित विद्यालय पर चर्चा।<br><br>शिक्षकों द्वारा निम्नलिखित बिंदुओं पर अनुभव आधारित चर्चा की जाये:<br><br>1. रोचक एवं अभिनव शिक्षण सामग्री<br>  ○ शिक्षकों द्वारा कक्षा में उपयोग की जा रही रोचक, स्थानीय संसाधनों पर आधारित तथा नवीन शिक्षण सामग्री के उदाहरण साझा किए जाएं।<br>  ○ यह समीक्षा की जाए कि इन सामग्रियों से विद्यार्थियों की सीखने में रुचि और भागीदारी किस प्रकार बढ़ी है।<br>  ○ इन सुझाये अभिनव प्रयासों को कैसे अन्य विद्यालयों में लागू किया जा सकता है, इस विषय पर सामूहिक सुझाव प्राप्त किए जाएं।<br><br>2. स्वच्छ एवं हरित विद्यालय की पहल<br>  ○ स्वच्छता, हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विद्यालयों द्वारा किए गए विशेष प्रयासों पर चर्चा की जाए।<br>  ○ स्वच्छ–हरित विद्यालय के रूप में उत्कृष्ट कार्य कर रहे विद्यालयों के अनुभव साझा किए जाएं।<br><br>उद्देश्य: सभी विद्यालयों में रोचक एवं अभिनव शिक्षण सामग्री के सक्रिय प्रयोग तथा स्वच्छ–हरित विद्यालय वातावरण के निर्माण से सकारात्मक वातावरण का सृजन एवं अनुकरणीय कार्यप्रणालियों के साझा आदान–प्रदान को बढ़ावा दिया जाना। | 10 मिनट | सभी शिक्षक |
| 6. | TLM निर्माण तथा फीडबैक सत्र | 1. TLM ग्रांट का उपयोग किस प्रकार के विषय / दक्षता आधारित TLM बनाने के लिये किया गया है? तत्सम्बन्धी उत्कृष्ट TLM की सूची संकलित की जाए तथा अन्य विद्यालयों एवं विकास खण्डों के साथ साझा की जाए। SRG द्वारा जनपदवार उत्कृष्ट TLM का विवरण संकलित करके राज्य परियोजना कार्यालय को साझा किया जाए।<br><br>2. आगामी शिक्षक-प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी तथा गुणवत्तापूर्ण बनाये जाने हेतु निम्नलिखित बिंदुओं पर शिक्षकों से फीडबैक प्राप्त किए जाएं:<br>i. सम्प्रति शिक्षक-प्रशिक्षण में क्या चुनौतियाँ हैं तथा प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी बनाये जाने के लिए क्या सुझाव हैं?<br>ii. आगामी प्रशिक्षण हेतु किस विषय अथवा विशेष टॉपिक पर प्रशिक्षण (आनलाइन अथवा ऑफलाइन) की आवश्यकता है। | 15 मिनट | शिक्षक – जिन्होंने आज कोई सत्र का नेतृत्व न किया हो |

(आनन्द कुमार पाण्डेय)
वरिष्ठ विशेषज्ञ गुणवत्ता शिक्षा

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | iii. प्रशिक्षण से संबंधित किस विषय को जोड़े जाने (ADD), किस विषय को हटाए जाने (DELETE) तथा किस विषय पर अधिक संसाधन उपलब्ध कराये जाने (STREAMLINE) की आवश्यकता है?<br>iv. अन्य युक्तियुक्त सुझाव। | | |
| 7. | समेकन एवं धन्यवाद | महत्वपूर्ण बिंदुओं की पुनरावृत्ति | 5 मिनट | शिक्षक संकुल द्वारा |

(आनन्द कुमार पाण्डेय)
वरिष्ठ विशेषज्ञ गुणवत्ता शिक्षा